तापमान
अधिकतम 38 .9 डिग्री
न्यूनतम 19 .3 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 15 अप्रैल 2025

11 प्रथम केपीसीए ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट मैं योगेश्वर बने चैंपियन

12 बाबा साहेब के दिखाए गए मार्ग का अनुसरण...


## खबर संक्षेप

### हिसार के स्वर्णिम आकाश में उड़ी विकास की उड़ान

**हिसार।** आज हिसार के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ा जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवनिर्मित महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे का भव्य उद्घाटन किया। इस ऐतिहासिक पल की साक्षी बनी हिसार की विधायक सावित्री जिंदल इस उपलब्धि को हिसार की जनता के लिए एक अनुपम उपहार बताया। जिंदल ने कहा कि आज हिसार ने विकास के आकाश में एक नई उड़ान भरी है। यह सिर्फ एक हवाई अड्डा नहीं बल्कि हमारे सपनों और आकांक्षाओं का प्रतीक है। अब हिसार से अयोध्या की पवित्र भूमि तक की यात्रा मात्र दो घंटों में संभव होगी और वह भी जनसामान्य की पहुंच में आने वाली दरों पर। उन्होंने आगे कहा कि यह हवाई अड्डा न केवल यात्रा को सुगम बनाएगा, बल्कि व्यापार और रोजगार के नए द्वार भी खोलेगा। हिसार के युवाओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है जो उन्हें वैश्विक पटल पर स्थापित करेगा।

### हिसार एयरपोर्ट कांग्रेस सरकार की देन : दीपेंद्र

**हिसार।** रोहतक से सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि हिसार एयरपोर्ट हो या यमुनानगर का थर्मल पावर प्लांट ये सब काम कांग्रेस सरकार की देन है। भारत सरकार की कैबिनेट ने हिसार व करनाल एयरपोर्ट और महम इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 2013 में मंजूर किया था। हिसार एयरपोर्ट तीन साल में बनकर तैयार हो जाना था, लेकिन मंजूरी तिथि के 11 साल बाद और कई बार अलग-अलग मौकों पर उद्घाटन कराने के बाद अब आनन-फानन में प्रधानमंत्री से फिर उद्घाटन कराया गया। जबकि करनाल एयरपोर्ट का काम आज भी ठंडे बस्ते में है। उन्होंने दावा किया कि हिसार एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की व्यवस्था तक नहीं है।

### पीएम ने प्रदेश को दिया तोहफा : डॉ. आशा खेदड़

**हिसार।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करने व अयोध्या के लिए पहली फ्लाइट को झंडी



दिखाकर रवाना किए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा को पहला एयरपोर्ट मिलना प्रदेश के लिए स्वर्णिम पल है और हर नागरिक के लिए खुशी की बात है। डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिसार एयरपोर्ट से उड़ान को झंडी दिखाकर जहां प्रदेश को तोहफा दिया है वहीं विपक्ष को भी करारा जवाब दिया है। जो विपक्ष कह रहा था कि यहां से हवाई जहाज नहीं उड़ेगा, वे इन हवाई जहाजों का शेड्यूल देखकर आने-जाने वाले यात्रियों से पूछ सकते हैं कि हवाई जहाज उड़ा या नहीं। उन्होंने कहा कि हिसार हवाई अड्डा शुरू होने के साथ ही विपक्ष को करारा जवाब मिल गया है।



हिसार। एलायंस एयरलाइन के विमान में सवार होने से पहले जयश्रीराम का उद्घोष करते यात्री। फोटो : हरिभूमि



हिसार। हिसार से अयोध्या जाने के लिए विमान में सवार होते यात्री। फोटो : हरिभूमि

### प्रधानमंत्री ने ठेठ हरियाणा लहजे में की संबोधन की शुरुआत

# म्हारै हरियाणा के धाकड़ लोगां नै राम-राम, ठाढ़े जवान ठाढ़े खिलाड़ी, ठाढा भाईचारा-यो सै हरियाणा की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को करीब सात महीने बाद एक बार फिर हिसार की धरती पर पहुंचे। पिछले दौरे में पीएम मोदी हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के दौरान 28 सितंबर 2024 को भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में हिसार एयरपोर्ट के पास ही रैली आयोजित कर हरियाणा वासियों से वोटों की अपील करने आए थे। इस बार मोदी महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं को शुभारंभ तथा एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल-2 की आधारशिला रखने पहुंचे। इस मौके पर मुख्य मंच पर पहुंचने पर अपने संदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्ण रूप से हरियाणवी शैली में जनसमूह से सीधा संवाद किया। उन्होंने हरियाणवी बोली में कहा- म्हारै हरियाणा के धाकड़ लोगां नै राम-राम, ठाढ़े जवान, ठाढ़े खिलाड़ी, ठाढा भाईचारा-यो सै हरियाणा की पहचान। यह सुनकर पूरे पांडाल ने प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत तालियां बजाकर किया। उन्होंने हरियाणा के धाकड़ लोगों को राम-राम करते हुए लावणी के अति व्यस्त समय में भारी जनसंख्या में आने के लिए सभी का धन्यवाद भी व्यक्त किया।





हिसार। रैली को संबोधित करते पीएम नरेंद्र मोदी, अयोध्या जाने से पहले तिलक लगाकर स्वागत करते हुए व हवाई सेवाओं के शुभारंभ अवसर पर भव्य तरीके से सजाया गया हिसार एयरपोर्ट। फोटो : हरिभूमि

### यात्रियों को 3 घंटे पहले बुलाया

हिसार से अयोध्या जाने वाली पहली फ्लाइट की यात्रियों को करीब 3 घंटे पहले ही बुला लिया गया। यात्रियों को रविवार को ही संदेश आ गया था कि उन्हें सुबह पौने सात बजे जीजेयू के चौधरी रणबीर सिंह सभागार पहुंचना है। सभी यात्री समय से गुजवि पहुंच गए। यहां पर यात्रियों की गिनती करते हुए सघन चेकिंग की गई। उसके बाद उन्हें दो बस के जरिए एयरपोर्ट के लिए ले जाया गया। एयरपोर्ट के लिए निकालने के दौरान यात्रियों में भरी जोश था और यह जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। विमान में बैठने के बाद भी यात्री उत्साहित थे और जय श्रीराम का उद्घोष करने लगे।

### ई-बसों से विमान तक पहुंचे

एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद एलायंस एयरलाइन के सीएमडी अमित कुमार ने सभी यात्रियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। इसके बाद सभी यात्रियों को हरियाणा रोडवेज द्वारा संचालित ई-बसों के माध्यम से रनवे पर खड़े विमान तक ले जाया गया। इससे पहले एलायंस एयरलाइन के यात्री विमान में सवार होने से पहले सभी यात्रियों को तिलक किया गया और उनका फूलों बरसा कर स्वागत किया गया।

### गुलाब के फूल से स्वागत

अयोध्या से वापस हिसार पहुंचे यात्रियों का एयरपोर्ट पर गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया। बताया जाता है कि वापसी में अयोध्या से 41 यात्री हिसार एयरपोर्ट पर पहुंचे। इस दौरान यात्रियों में अयोध्या से हिसार तक विमान से सफर करने का अलग ही जोश दिखाई दिया। हालांकि एयरपोर्ट परिसर से बाहर निकालते समय टैक्सी या अन्य साधन की व्यवस्था नहीं होने के कारण यात्रियों को पैदल ही एयरपोर्ट चौक तक आना पड़ा।

### कैप्टन चिराग व कृष्णा ने किया गर्व महसूस

हिसार अयोध्या के लिए पहली उड़ान को एलायंस एयरलाइन कैप्टन चिराग व कृष्ण मोदी यात्रियों को लेकर गए। दोनों कैप्टन ने कहा कि हिसार से अयोध्या के लिए पहली उड़ान भरने पर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। बता दें कि कैप्टन कृष्ण मोदी हरियाणा के बहादुरगढ़ के रहने वाले हैं।

### सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए

प्रधानमंत्री के हिसार दौरे को चलते रैली स्थल के आसपास सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। एयरपोर्ट की तरफ जाने वाले रास्तों पर जगह-जगह नाके लगाए गए थे। कई जगह पर रूट डायवर्ट किया गया था। एयरपोर्ट के पास प्रशासन की तरफ से जारी किए गए विशेष पास वाले ही वाहनों को जाने दिया गया। रैली में पहुंचने वाले अधिकतर लोगों के वाहनों को रैलीस्थल से दूर बनाई गई अलग-अलग पार्किंग स्थलों पर ही रोक दिया गया।

### सीएमडी यात्रियों से की मुलाकात

*हिसार से अयोध्या के लिए हवाई सेवाएं शुरू होने के मौके पर एयरपोर्ट परिसर को भव्य तरीके से सजाया गया था। इस मौके पर कई वीवीआईपी भी अयोध्या जाने वाले यात्रियों से मिलने पहुंचे थे। एलायंस एयरलाइन के सीएमडी अमित कुमार ने यात्रियों से मुलाकात की। इस दौरान सीएमडी ने बताया कि हिसार से जयपुर व चंडीगढ़ के लिए भी हवाई सेवाएं शुरू की जाएंगी। पहली फ्लाइट में 59 यात्री अयोध्या गए हैं।*

### तलाशी के बाद ही मिला प्रवेश

*रैली स्थल के लिए बनाए गए पंडाल में जगह-जगह एंट्री गेट बनाए गए थे। किस एंट्री गेट पर कौन प्रवेश करेगा, इसके लिए बकायदा साइन बोर्ड लगाए गए थे, ताकि रैलीस्थल पर किसी तरह की कोई अव्यवस्था ने फैले। एंट्री गेट पर आने वाले लोगों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया गया। रैली स्थल पर पहुंचे हर व्यक्ति की मैटल डिडेक्टर के अलावा मैनुअल भी जांच की गई।*

# पहली फ्लाइट से अयोध्या गए यात्रियों का रहा सुखद अनुभव

- पीएम व सीएम का जताया आभार
- यात्रियों ने हवाई यात्रा की खुशी को किया जाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा के पहले एयरपोर्ट, हिसार एयरपोर्ट से शुरू हुई हवाई सेवा के यात्रियों के सुखद अनुभव रहे हैं। हिसार से अयोध्या के लिए चली फ्लाइट में अयोध्या जाने वाले यात्रियों ने जय श्री राम के नारे लगाकर यात्रा पर प्रसन्नता जताई और एयरपोर्ट चालू करने के लिए सरकार का आभार जताया। सुबह पहली फ्लाइट से अयोध्या जा रहे युवक कुनाल ने अपनी यात्रा पर सौभाग्य जताया। उन्होंने कहा कि हम अपनी जन्मभूमि से श्री राम जन्मभूमि जाकर आए हैं।

कुनाल ने बताया कि वे अकेले नहीं बल्कि परिवार व दोस्तों के साथ कुल 25 लोग हैं, जो इस फ्लाइट से अयोध्या जा रहे हैं। हमें इस पल की कितनी खुशी है, इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकते। कई वर्षों से वे इस पल का इंतजार कर रहे थे कि हिसार से अयोध्या जाने का उन्हें कब मौका मिलेगा, और वो मौका आज मिल गया।



हिसार। एलायंस एयरलाइन के विमान में सवार यात्री। फोटो : हरिभूमि

# सूचना एवं जन संपर्क विभाग की प्रदर्शनी का उद्घाटन

- विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा हरियाणा : नायब सैनी
- संकल्प की उड़ान कार्यक्रम में अल सुबह हरियाणा के विकास की उड़ान प्रदर्शनी का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिसार हवाई अड्डे पर लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और कहा कि हरियाणा प्रदेश ने विकास का एक नया आयाम स्थापित किया है। सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी प्रदेश के विकास की गाथा का सटीक वर्णन करती है। प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी भी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार की मुख्य योजनाओं और विकास के आंकडों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रदेश के विकास की गति का अंदाजा प्रति व्यक्ति आय से लगाया जा सकता है। हरियाणा में 2024-25 में प्रति व्यक्ति आय 3 लाख 53 हजार 181 है जोकि वर्ष 2014 में केवल 1 लाख 37 हजार 770 होती थी। इसी प्रकार निर्यात की बात की जाए तो 2023-24 के आंकडों के अनुसार 2 लाख 75 हजार 245 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ है जोकि वर्ष 2014 में मात्र 68 हजार 32 करोड़ रुपए रहा है।



हिसार। प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, साथ हैं सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के एम पांडुरंग। फोटो : हरिभूमि

### हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम छू रहा प्रदेश

प्रदेश हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम छू रहा है। लोगों की मांग और उनकी सुविधा के अनुसार सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रदेश में जहां केवल 6 मेडिकल कालेज होते थे। अब उनकी संख्या बढ़ाकर 15 कर दी गई है। इसी प्रकार 2014 में विश्वविद्यालयों की संख्या 43 होती थी जो अब 58 हो चुकी है। राजकीय महाविद्यालय भी 105 से बढ़कर 185 हो चुके हैं। सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के एम पांडुरंग ने प्रदर्शनी के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तार से बताया।

# डिपो एसो. के प्रधान व उसके बेटे को धुना

- विवाह समारोह में नाच रही महिलाओं के बीच घुसे शराबी को रोकने पर हुआ हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

हिसार मार्ग स्थित एक फार्म हाउस में आयोजित एक विवाह समारोह में नाच रही महिलाओं के बीच में घुस कर नाच रहे युवक को रोकने पर गुस्साए युवक द्वारा डिपो एसोसिएशन हांसी के प्रधान और उनके बेटे पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घायल डिपो एसोसिएशन प्रधान देवेन्द्र हसीजा व उसके बेटे को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

सूचना मिलने पर पुलिस ने नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन 65 वर्षीय देवेन्द्र हसीजा और उसके बेटे 34 वर्षीय पुनीत के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन देवेन्द्र हसीजा ने बताया कि रविवार रात को उसके साले के बेटे की एक फॉर्म हाउस में विवाह आयोजित चल रहा था और विवाह समारोह में परिवार की महिलाएं डीजे पर नाच रही थी। एक शराबी व्यक्ति डीजे पर नाच रही महिलाओं के बीच में घुस गया और गाली गलौज करने लगा। महिलाओं द्वारा उनके बीच में नाचने व गालियां देने का विरोध करने पर वह हाथापाई पर उतर आया। कुछ देर बाद वह महिलाओं और डिपो एसोसिएशन के प्रधान देवेन्द्र हसीजा व अन्य लोगों को देख लेने की धमकी देकर वहां से चला गया। लेकिन कुछ देर बाद वह व्यक्ति अपने दोस्तों के साथ वहां पर वापस आया और उसने मुझे इशारा कर विवाह समारोह से बाहर बुलाया।




हांसी। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन डिपो एसोसिएशन के प्रधान देवेन्द्र हसीजा व उनका बेटा पुनीत। फोटो : हरिभूमि

**कार्यक्रम** सीएम ने बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की 135 वी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

# संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा थे बाबा साहेब : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती के अवसर पर लघु सचिवालय परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। आज का दिन प्रदेश के लिए ही नहीं पूरे देश के लिए सौभाग्यशाली दिन है जो हम बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ते हुए उनके सपने को साकार करने में भागीदार बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब भारतीय संविधान के प्रख्यात शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा थे। बाबा साहेब ने हमेशा भारत देश के ग़रीबों, शोषितों एवं वंचितों के उत्थान और कल्याण के लिए पूरा जीवन समर्पित किया। उन्होंने पूरे भारत को संविधान सूत्र से जोड़कर देश की एकता और अखंडता को नई मज़बूती प्रदान की। भारत देश उनके इस अमूल्य योगदान को हमेशा याद रखेगा। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलते हुए भारत के 2047 विजन पर केंद्रित होकर विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है जिसे सभी मिलकर पूरा करेंगे।



हिसार। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जयंती पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते सीएम नायब सिंह सैनी।

### संविधान के प्रति आमजन को किया जा रहा जागरूक

मुख्यमंत्री ने कहा देशभर में संविधान के अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है, जिसके चलते वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराते हुए संविधान के प्रति आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर डॉ बी.आर अम्बेडकर सभा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

हरिभूमि सहेली



यह कितनी बड़ी विडंबना है, हर क्षेत्र में अपनी मेधा शक्ति का लोहा मनवाती महिलाओं को इस आधुनिक युग में भी अपनी त्वचा के रंग को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां सुननी पड़ती हैं। उनके सम्मान पर आघात पहुंचाया जाता है। केरल की चीफ सेक्रेटरी शारदा मुरलीधरन के रंग पर की गई टिप्पणी, इस बात का ताजा उदाहरण है। सवाल यह है, रंगभेद का दंश स्त्रियां कब तक सहती रहेंगी, समाज इस संकीर्ण सोच से कैसे उबरेगा?



शारदा मुरलीधरन पर टिप्पणी

# आज भी रंगभेद का दंश सह रही हैं स्त्रियां

**कवर स्टोरी**

**डॉ. मोनिका शर्मा**

इसे दुराग्रह कहें या दिशाहीन पुरातनपंथी सोच, गोरे-काले रंग को लेकर आज भी दुर्भावना भरी टिप्पणियां सुनने को मिल जाती हैं। सामाजिक और पारिवारिक परिवेश में बहू-बेटियों का सांवलेपन को खूबसूरती की कमी और गोरे रंग को सुंदरता से जोड़कर देखा जाना आम बात है। दुखद है कि पढ़ी-लिखी कामयाब महिलाएं भी स्किन कलर को लेकर कहे गए द्वेषपूर्ण-नकारात्मक शब्दों का सामना करती हैं। हाल ही में केरल की चीफ सेक्रेटरी शारदा मुरलीधरन ने फेसबुक पोस्ट पर रंगभेद पर अपनी बात शेयर करते हुए लिखा कि एक अनजान व्यक्ति ने उनके दफ्तर में उनके रंग को लेकर टिप्पणी की। शारदा मुरलीधरन ने फेसबुक पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मेरे कामों की तुलना हमेशा मेरे पति से की जाती रही है। लेकिन अब एक टिप्पणी ऐसी भी सुनने को मिली, जिसमें मेरे काम-काज की तुलना के साथ ही मेरे रंग पर भी तंज किया गया।' गौरतलब है कि शारदा ने अपने पति के रिटायर होने के बाद यह पद संभाला है। शारदा ने लिखा, 'मैंने पचास साल से भी ज्यादा के अरसे से रंग गोरा न होने से सुंदरता में कमी देखने की सोच का सामना किया है। लोगों में फेयर स्किन टोन का क्रेज देखा है।' सोशल मीडिया पोस्ट में शारदा ने न केवल अपने रंग को लेकर समाज की सोच पर सवाल उठाए बल्कि अपने कालेपन पर गर्व होने की बात भी कही। चर्चा, चिंता और चिंतन का विषय बना, संकीर्ण सोच को सामने रखता यह मामला बहुत से पहलुओं पर सोचने को विवश करता है, सार्थक विमर्श की भी मांग करता है।

## भेदभाव से जुड़ा पहलू

ध्यान देने वाली बात यह है कि सांवले रंग की वजह से भेदभाव का सामना करने के हालात, जेंडर डिसक्रिमिनेशन से भी जुड़े हैं। घर हो या दफ्तर, त्वचा के रंग की वजह दुर्भाव भरे शब्द आमतौर पर महिलाओं को ही सुनने को मिलते हैं। सांवली शक्ल के प्रति परायों में ही नहीं, अपनों में भी पूर्वाग्रह देखने को मिलता है। शादी-सगाई के समय तो बहुत हद तक स्किन कलर को लेकर कायम सोच स्पष्ट दिखती है। तकलीफदेह बात यह है कि काम-काजी संसार में भी कभी सराहना तो कभी बेहतर अवसर के रूप में गोरे चेहरों की ओर झुकाव दिख जाता है। जबकि यह भेदभाव सीधे-सीधे किसी स्त्री की योग्यता और क्षमता पर प्रश्न उठाने जैसा है। शारदा मुरलीधरन ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि उनकी परफॉर्मेंस की तुलना उनसे पहले उसी पोस्ट पर रहे व्यक्ति से की गई, जो उनके पति हैं और उनकी स्किन का कलर अलग है। लैंगिक पूर्वाग्रहों के चलते ही एक ऑफिसर के तौर पर उनकी परफॉर्मेंस पर बात कहने के बजाए, इस टिप्पणी में उनकी स्किन का रंग भी जुड़ गया। एक सफल-सशक्त स्त्री से जुड़ा यह मामला बताता है कि जेंडर डिसक्रिमिनेशन की जड़ें कितनी गहरी हैं।



## आत्मसम्मान को ठेस

रंगभेद पर की गई टिप्पणियां सिर्फ शब्द भर नहीं होते। ऐसी बातें स्त्रियों की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं। गोरी त्वचा को लेकर कायम मोह और मनुहार का भाव, बहुत-सी बहू-बेटियों को बेवजह कमतरी के भाव की ओर धकेलता है। घरेलू मोर्चे पर गुणों की अनदेखी, तो पेशेवर फ्रंट पर काम-काज के मूल्यांकन पर भी चेहरे की रंगत से जुड़ी सोच हावी रहती है। वहीं सामाजिक-पारिवारिक माहौल में तो सांवलेपन को महिला ही नहीं, उसके पूरे परिवार की कमजोरी की तरह देखा जाता है। पक्के रंग वाली बहू को लेकर सहानुभूति जताई जाती है तो बेटी का रंग गोरा न होने पर अच्छा घरबार न मिलने की चिंता। लोगों को सहज-सी लगने वाली इन बातों और बर्ताव का महिलाओं के मन पर गहरा असर होता है। बड़ी होती बेटियां तो बहुत असहज महसूस करती हैं। त्वचा का रंग स्कूल-कॉलेज तक में उन्हें एक अलग खांचे में खड़ा करता है। इसी मनःस्थिति की बात शारदा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में भी कही है कि 'जब मैं चार साल की थी तो मां से पूछा करती थी कि क्या वे मुझे अपनी कोख में दोबारा डाल सकती हैं और झक गोरा और सुंदर बनाकर निकाल सकती हैं?' असल में रंगभेद से जुड़ा बर्ताव इमोशनल-साइकोलॉजिकल फ्रंट पर भी हर आयुवर्ग की स्त्रियों को चोट पहुंचाता है। शिक्षा और आत्मनिर्भरता के बढ़ते आंकड़ों के बावजूद समाज के हर तबके में ही स्त्रियों का अपमान करने और उनके मन में अपराधबोध का भाव भरने का यह बर्ताव सचमुच दुर्भाग्यपूर्ण है।

## उपहास का विषय क्यों

विडंबना ही है कि सदा से ही प्रकृति से मिले रंग-रूप को भी उपहास और अभद्र टिप्पणियां करने का विषय बनाया गया। समय के साथ बदलाव भी इस मोर्चे पर सब कुछ नहीं बदल पाए हैं। असल में इस फ्रंट पर मानसिकता बदले बिना बदलाव आना मुश्किल है। पक्के-सांवले रंग को लेकर दयनीय समझने के बजाए किसी महिला की काबिलियत और अच्छे बर्ताव को महत्व देने की सोच जरूरी है। संपूर्ण व्यक्तित्व को आंकने का भाव आवश्यक है। मेहनत से अर्जित की गई योग्यता के प्रति सम्मान के भाव को पोसना जरूरी है। आखिर कब तक स्किन कलर से जुड़ी सोच स्त्रियों की असहजता का कारण बनी रहेगी? पक्के रंग के कारण अपमान और उपहास वाले शब्द कब तक जीना दूभर करते रहेंगे? कुछ समय पहले राजस्थान के झालावाड़ जिले में शादी के बाद से ही पति द्वारा रंग को लेकर तंज करने और फब्तियां कसने के चलते पत्नी ने सुसाइड कर ली थी। समझना जरूरी है कि ऐसी घटनाओं के पीछे पीड़ा और तानों-उलाहनों की लंबी फेहरिस्त है। ऐसे में समग्र समाज की मानसिकता में बदलाव आए बिना यह भेदभाव नहीं रुक सकता। सांवली बेटी को लेकर सहजता तभी आएगी, जब सांवली बहू को स्वीकार करने में असहजता नहीं रहेगी।

### बाजार ने भी दिया बढ़ावा



असल में रंगभेद की सोच सोशल सिस्टम में तो थी ही, इसे बाजार ने भी बढ़ावा दिया है। कितने ही प्रोडक्ट्स के विज्ञापन चेहरे को गोरा बनाकर सबको लुभाने, हर ओर छा जाने का भाव दिखाते रहे हैं। अफसोस कि खूबसूरत दिखने के लिए गोरे रंग को जरूरी बताने वाली मानसिकता की यह लड़ाई आज तक जारी है। चेहरे को निखारने से शुरू हुए उत्पादों का बाजार अब गोरा बनाने वाले प्रोडक्ट्स तक जा पहुंचा है। शादी-ब्याह से लेकर नौकरी पाने तक और आत्मविश्वासी दिखने से लेकर आत्मनिर्भर बनने तक। गोरा बनाने वाले अनगिनत उत्पादों के विज्ञापनों में बताया-समझाया जा रहा है कि गोरा रंग लगभग हर समस्या का हल है। अब रील्स वीडियोज में गोरा बनने के गुर बताकर लाखों व्यूज बटोरे जा रहे हैं। रंग निखारने का वादा और दावा करने वाले वीडियोज से सोशल मीडिया अटा पड़ा है। ऐसे में जरूरी है कि स्त्रियों में अपने-अपने रंग-रूप के प्रति स्वीकार्यता का भाव हो। परिवेश के तानों-उलाहनों की आत्मविश्वास के साथ अनदेखी करने और बाजार का खेल समझने की सोच को बल मिले। साथ स्वजन ही नहीं, अपरिचित लोग भी अपना नजरिया बदलें। समग्र समाज की सोच में बदलाव आए बिना, भेदभाव पोषित करने वाली इस मानसिकता से नहीं निकला जा सकता है।

# शादी से पहले पार्टनर के साथ क्लीयर कर लें करियर से जुड़ी बातें



आज हर लड़की अपना करियर बनाना चाहती है। लेकिन शादी के बाद करियर में बहुत सी बाधाएं आती हैं, यहां तक कि कई बार करियर बनाने का इरादा छोड़ना पड़ता है। ऐसा न हो, इसलिए अपने भावी जीवनसाथी से शादी से पहले ही खुलकर बात कर लें।

**एडवाइस**

**नम्रता नदीम**

एमबीए कर चुकी नेहा की शादी एक संपन्न परिवार में हुई थी। शादी के बाद हंसी-खुशी कुछ माह बीत गए। नेहा का पति एक बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी में उच्च पद पर कार्यरत था। नेहा को जब घर बैठे बोरियत होने लगी तो उसने जॉब्स के लिए इच्छा जताई और कई कंपनियों में अप्लाई कर दिया। ऐसा करना था कि पति नाराज रहने लगे। उन्हें यह पसंद नहीं था कि उनकी पत्नी जॉब करे। उनका कहना था, जब वह अच्छी-खासी कमाई कर रहे हैं, वह और उनका परिवार इस कमाई से संतुष्ट है तो नेहा कमाने के लिए घर से बाहर क्यों निकले? घर में इस बात पर दोनों में तकरार होने लगी। एक दिन ऐसा भी आया, जब नेहा को भी एक बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी में बहुत अच्छी सैलरी पर जॉब मिल गई। पति ने इस बात का कड़ा विरोध किया। अंततः नेहा ससुराल से मायके आकर रहने लगी। इस तरह पत्नी के सपने पति पर भारी पड़े, दोनों के रिश्ते टूटने की कगार पर पहुंच गए। इसलिए, जरूरी है, जब भी कोई लड़की वैवाहिक बंधन में बंधने वाली हो तो उसे पहले ही मंगेतर से अपने करियर को लेकर बातें क्लीयर कर लेनी चाहिए।

**रिश्ते में बंधने से पहले:** अगर आप किसी रिश्ते में जुड़ने जा रही हैं तो पहले ही भावी जीवनसाथी से यह जान लें कि आपको लेकर उसकी क्या अपेक्षाएं हैं? आपके करियर को लेकर उसकी क्या सोच है? अगर आपका पार्टनर अपने सपनों की उड़ान तो बहुत ऊंची भरना चाहता है, लेकिन आपके करियर को कोई महत्व नहीं देना चाहता और आप हैं कि जीवन में बहुत आगे बढ़ना चाहती हैं, आत्मनिर्भर रहना चाहती हैं तो यह जान लें, उसके साथ वैवाहिक बंधन में बंधकर आपके सपने पूरे नहीं हो पाएंगे। कहने का आशय यह है, आप दोनों एक-दूसरे की महत्वाकांक्षाओं को कितना महत्व देंगे, इस बात की पुष्टि शादी से पहले ही कर लें। अगर आप जॉब करने की इच्छुक हैं तो पहले से ही भावी जीवनसाथी ही नहीं, उसके परिवार के सदस्यों से भी खुलकर बात कर लें। यदि आपको लगता है कि आगे जॉब करने की इजाजत नहीं होगी तो ऐसे रिश्ते को एक्सेप्ट करना सही नहीं होगा।

### हो बैटर अंडरस्टैंडिंग



अगर पति-पत्नी दोनों के बीच आपसी प्यार है, अच्छी अंडरस्टैंडिंग है तो दोनों ही एक-दूसरे के सपनों को महत्व देंगे। इन्हें पूरा होने में बाधक नहीं बनेंगे। एक-दूसरे की बेहतरी के लिए जो भी अच्छा हो सकता है, करेंगे। महत्वाकांक्षी पति-पत्नी को एक-दूसरे के सपनों की मंजिल पाने में मदद के लिए तैयार रहना चाहिए।

**स्वार्थी न बनें:** यह सच है कि हर किसी को अपने सपने पूरे करने का हक है, लेकिन इन्हें ऊपर रखते हुए अपने साथी की जरूरतों को नजरअंदाज करना भी सही नहीं है। अपना करियर जरूर संवारें, लेकिन ऐसा न हो कि आपके एंबीशन इतने ज्यादा हों कि आप और आपके पार्टनर के बीच कोई तालमेल न हो सके। अपने सपनों की उड़ान में आप उसके सपनों को पूरा करने में कितने सहायक हो सकते हैं, इसके बारे में जरूर सोचें, क्योंकि करियर को लेकर दोनों के बीच तालमेल स्थापित होना जरूरी है।



**हेयर केयर**

**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

# उलझे बालों की समस्या दूर कर देंगे ये हेयर मास्क

किसी फंक्शन या पार्टी में जाने के लिए, आप अपने बालों में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स और टूल्स का इस्तेमाल करती हैं। इससे आपके बालों की लेयरिंग खराब हो जाती है। वो डल और बेजान दिखने लगते हैं। इस वजह से कई बारे बाल उलझ भी जाते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए आप हेयर मास्क का यूज कर सकती हैं, जो आपके बालों को मुलायम और सुलझा हुआ बना देंगे।



**नारियल दूध-शहद का मास्क:** बालों को उलझने से बचाने के लिए नारियल का दूध और शहद का मास्क बहुत यूजफुल है। इसे बालों पर लगा कर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। बाद में सिर को ताजे सामान्य पानी से धो डालें। नारियल का दूध बालों की डीप हाइड्रेशन करता है, जबकि शहद बालों में नमी को बनाए रखता है, जिससे बाल मजबूत और मुलायम रहते हैं और आपस में उलझते नहीं हैं। इसे बनाने के लिए कांच के कटोरे में एक चम्मच नारियल तेल और एक चम्मच शहद का मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को गैस पर हल्की आंच पर तब तक गर्म करें, जब तक यह पूरी तरह पिघल न जाए। जब यह मिश्रण ठंडा हो जाए तो इसमें एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें डाल दें। अब इस मिश्रण को गीले बालों पर लगा लीजिए। आप इसे ड्राई बालों पर भी लगा सकती हैं। ड्राई, फ्रीजी बालों पर अच्छी तरह लगाने के बाद बालों को कैप से ढंक लीजिए और 45 मिनट तक लगा रहने दीजिए। आप चाहें तो बालों का जूड़ा भी बना सकती हैं। 45 मिनट बाद बालों को शैंपू से धो लें।



**एवोकाडो-नारियल तेल मास्क:** एवोकाडो और नारियल तेल का हेयर मास्क भी बालों को उलझने से बचाता है। इसे बनाने के लिए एक पके एवोकाडो को ग्लास बॉउल में मैश कर लें। इसमें दो-तीन बूंदें नारियल तेल डालकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को अपनी अंगुलियों के माध्यम से बालों और स्कैल्प पर धीरे-धीरे लगाएं। बाद में बालों को धो डालें। एवोकाडो बालों को नमी और पोषण प्रदान करता है।

**एवोकाडो-ऑलिव ऑयल मास्क:** एवोकाडो और ऑलिव ऑयल हेयर मास्क बनाने के लिए एक एवोकाडो को अच्छी तरह मैश कर लें। इसमें 1/4 कप ऑलिव ऑयल और एक चम्मच नीबू का रस मिला लें। इसे शुष्क बालों पर जड़ों से ऊपर की ओर लगाएं और आधे घंटे बाद ताजे साफ पानी से धो डालें। नीबू में एंटीफंगल गुणों की वजह से बालों में यह पैक डेंड्रफ को कंट्रोल करता है। एवोकाडो से आपके बालों को भरपूर पोषण मिलता है और बाल आपस में उलझते भी नहीं हैं।

**डाइट सजेशन**

**अंजू जैन**

आमतौर पर होम मेकर्स अपनी हेल्थ-डाइट का ध्यान नहीं रखती हैं। हेल्दी, रहने के लिए उन्हें भरपूर न्यूट्रिएंट्स की जरूरत होती है। कैसी होनी चाहिए आपकी डाइट इस बारे में आपके लिए यूजफुल सजेशंस।

# होम मेकर्स के लिए परफेक्ट डाइट प्लान

अधिकतर महिलाएं हमेशा घर के दूसरे सदस्यों की जरूरतें पूरी करने में ही जुटी रहती हैं। अपने खान-पान पर जरूरी ध्यान नहीं देती हैं। उन्हें कोई अपना ध्यान रखने के लिए कह भी दे, तो उनका जवाब कुछ ऐसा होता है, 'अरे हमें कौन सी भाग-दौड़ करनी पड़ती है, दिन भर घर में ही तो रहना है। कुछ भी खा लेंगे, कभी भी खा लेंगे।' लेकिन ऐसी सोच हेल्थ के लिए सही नहीं होती है।

**नॉन स्टॉप काम:** आमतौर पर होम मेकर्स को पुरुषों से भी ज्यादा देर तक काम करना पड़ता है। पुरुष भले ही घर से बाहर 8-10 घंटे काम करते हों लेकिन होम मेकर्स को तो राउंड दी क्लॉक यानी 16 से 18 घंटे ऑन ड्यूटी रहना पड़ता है। वर्किंग पुरुषों को शनिवार, रविवार, त्योहारों पर अवकाश तो मिल जाता है, लेकिन होम मेकर्स को तो 365 दिन काम में लगे रहना पड़ता है। ऐसे में होम मेकर्स को अपनी डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यह न सिर्फ आपकी हेल्थ के लिए जरूरी है बल्कि घर के दूसरे सदस्यों के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि आप फिट रहेंगी, तभी तो उनकी बेहतर देखभाल कर पाएंगी। इस लिहाज से घर के पुरुष सदस्यों को भी होम मेकर्स की डाइट के प्रति विशेष रूप से कॉन्शस रहना चाहिए।



**कैसी हो डाइट:** होम मेकर्स की डाइट कैसी हो, इस बारे में बता रहे हैं।

- 10-12 गिलास पानी हर रोज पिएं। सॉफ्ट ड्रिंक या मीठे शरबत के बजाए सादा पानी ही सर्वोत्तम होता है। ताजा फलों का रस और छाछ आदि पी सकती हैं। खाने से तुरंत पहले या तुरंत बाद ज्यादा पानी न पिएं। इसमें 30-45 मिनट का अंतर रखें। खाना खाते ही पानी पीने से पाचक रस का असर खत्म हो जाता है। पाचन में दिक्कत आती है।
- सुबह सवेरे कई तरह के काम रहते हैं, इसलिए शांति से बैठकर नाश्ता करने की फुरसत नहीं मिलती। ऐसे में भूखे पेट रहना ठीक नहीं। आपको कुछ ड्राई फ्रूट्स (जैसे भीगे हुए बादाम) खा लेने चाहिए। सेब, केला, अमरूद या चीकू भी सुबह के नाश्ते के लिए अच्छे विकल्प हैं।



- अंकुरित अनाज या भीगी हुई दाल से कुछ पौष्टिक आहार बना सकती हैं।
- घर में कुछ तरह की चटनियां आपको हमेशा रखनी चाहिए। स्वाद और सुविधा के मुताबिक आप नारियल, इमली, धनिया, पुदीना, करौंदा, कच्चे आम आदि की चटनियां बना सकती हैं। ये भोजन में रुचि जगा कर स्वाद तो बढ़ाती ही हैं, इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं।
- हर रोज सलाद जरूर खाएं। मौसम और उपलब्धता के अनुसार टमाटर, प्याज, खीरा, गाजर, चुकंदर, लेट्यूस आदि का सलाद बना सकती हैं। इनमें घुलनशील फाइबर, विटामिन और मिनरल्स होते हैं, जो आपके लिए सेहतमंद होते हैं। साथ ही इनसे पेट जल्दी भरता है, इसलिए आप ज्यादा खाने से बच जाती हैं।
- प्रतिदिन वर्कआउट जरूर करें। मॉर्निंग या ईवनिंग वॉक, स्विमिंग, डांस, योगा, एरोबिक्स, कुछ न कुछ जरूर अपनाएं।
- बेकरी आइटम्स, ऑयली फूड्स से बचें।
- रात को हमेशा समय पर सोएं। कम से कम सात घंटे की नींद जरूर लें। दोपहर में भी थोड़ा-सा समय निकालकर 30-45 मिनट की झपकी जरूर लें।
- चोकरयुक्त आटे की रोटी खाएं, इससे पर्याप्त फाइबर मिलेगा।

**(डाइटीशियन-न्यूट्रीशनिस्ट निधि शुक्ला पांडेय और डाइटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**

आज अधिकांश कपल्स वर्किंग हैं, उनके सामने अपने बच्चों की परवरिश की समस्या रहती है। ऐसे में घर के बुजुर्ग बच्चों की परवरिश हंसी-खुशी कर रहे हैं। इन्हें ही नहीं, बच्चों को भी अपने दादा-दादी या नाना-नानी के साथ का सुख मिल रहा है।

# ग्रैंड पैरेंट्स के साए में बच्चे

**परवरिश**

**नम्रता**



बढ़ते एकल परिवारों की मजबूरी के चलते दादा-दादी, नाना-नानी कहीं पीछे ही छूट गए हैं। लेकिन अब पति-पत्नी दोनों के काम-काजी होने के कारण दिनभर उनकी अनुपस्थिति में बच्चों के अकेलेपन को दूर करने और बेहतर परवरिश के लिए काम-काजी पति-पत्नी फिर से उन्हें दादा-दादी, नाना-नानी के साए में पालना सही समझते हैं। सिंगल पैरेंटिंग, तलाक के बाद एक पार्टनर का अलग होकर शादी करना, दोनों का अलग होकर फिर से शादी करना, करियर में व्यस्तता और भी इसी तरह के तमाम कारणों से कई परिवारों में दादा-दादी और नाना-नानी बच्चों के लालन-पालन की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

**एंज्वॉय करते हुए बच्चों की परवरिश:** वंशिका पति से अलगाव के बाद अपने मायके में रहने के लिए आ गई। कोर्ट में तलाक का मुकदमा चल रहा है। वंशिका स्वयं वर्किंग है। उसके पिता उच्च पदस्थ सरकारी कर्मचारी रहे हैं। रिटायरमेंट के बाद वह और उनकी पत्नी वंशिका की बेटी को पालने की जिम्मेदारी उठा रहे हैं। 58 वर्षीय उनकी मां कहती हैं, 'मैं अपनी धेवती को लेकर शाम को जब पार्क जाती हूं तो मेरी ही तरह की और कई ऐसी महिलाएं हैं, जो गांव-कस्बे से अपने घर को छोड़कर अपने पोते-पोतियों की परवरिश कर रही हैं। उनके साथ हमारी गपशप होती है, हमने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया हुआ है। सुबह बच्चों को स्कूल भेजने के बाद हम लोग पार्क में आते हैं, तब तक बेटी और दामाद तैयार होकर दोपहर का खाना बनाकर ऑफिस चले जाते हैं। सुबह के समय ही हम घर से बाहर निकल पाते हैं। यहां हम लोगों से मिल-जुलकर खुश होते हैं। हमारी वॉक भी हो जाती है और हमें भी यह अहसास होता है, रिटायरमेंट के बाद हम खाली नहीं बैठे हैं। हमारा भी समय बच्ची के साथ हंसते-खेलते गुजर जाता है, बोरियत नहीं होती।'



**बच्चे सीख रहे हैं बहुत कुछ:** दादा-दादी, नाना-नानी की परवरिश में पलने वाले बच्चे अब उनके सान्निध्य में जिंदगी से जुड़े बहुत से खेल और काम सीखते हैं। उनको भी इनका साथ अच्छा लगता है। मुंबई में रह रही मिसेज अरोड़ा अपनी पोती को खाना बनाना सिखा रही हैं, सिलाई, बुनाई और कढ़ाई में पारंगत मिसेज अरोड़ा के ये पुराने शौक, जिन्हें उन्होंने अपने बच्चे पालने की व्यस्तता में बिसरा दिया था, अपनी पोती के बहाने उनके ये शौक फिर से नए रूप में सामने आ रहे हैं। मिसेज अरोड़ा कहती हैं, 'हमारे रिश्तेदार अकसर हमें इस बात का ताना देते हैं कि हमारी बहू अपने बच्चे की परवरिश के लिए हमें अपने शहर से दूर मुंबई ले गए हैं। लेकिन हम ऐसा नहीं मानते। हम पति-पत्नी को यह लगता है कि हम कोई उन पर एहसान नहीं कर रहे। न इसके लिए हम अपनी सेहत की कुर्बानी दे रहे हैं बल्कि बच्चों के साथ हमारा समय कैसे कट जाता है, हमें पता ही नहीं चलता। हमें इससे असीम सुख की अनुभूति होती है।'

**बच्चों के लिए एक बड़ा सुरक्षा कवच:** मजबूरीवश ही सही सोशल मीडिया के इस दौर में आज दादा-दादी, नाना-नानी जैसे रिश्ते, जो पिछले कुछ सालों से हाशिए पर चले गए थे, उनकी इस जनरेशन ने अब कीमत पहचानी है। हमारे बुजुर्ग, हमारे बच्चों के दादा-दादी या नाना-नानी उनके लिए जो कुछ भी कर रहे हैं, वह करना आसान नहीं है। बच्चों को क्रेच में छोड़ने या मेड के भरोसे रखना सही नहीं है। हमारे माता-पिता के साथ बच्चों का रक्त संबंध है, बच्चों को भी अच्छा लगता है और हमारे माता-पिता भी हमारे साथ रहते हैं। दादा-दादी, नाना-नानी हमारे परिवार का एक मजबूत आधार और बच्चों के लिए एक बड़ा सुरक्षा कवच हैं।

## खबर संक्षेप

### सिविल पेंशनर्स ने बैठक में जताया रोष

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में बाल भवन फतेहाबाद में सम्पन्न हुई। सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि बैठक में सदस्यों राजेन्द्र ललित, रिशीराज शर्मा, एनसी वधवा सहित सदस्यों ने अपने विचार रखे तथा सभी ने सरकार द्वारा निम्न लिखित मांगे न मानने पर रोष प्रकट किया।

### शिविर में 223 रोगियों की हुई जांच

**सिरसा।** श्री हनुमंत चेरिटेबल अस्पताल में नेत्र जांच व आपरेशन का 267वां निशुल्क शिविर लगाया गया। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने बताया कि जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित शिविर में सहयोगी संस्था के रूप में लायंस क्लब सिरसा के पदाधिकारी मौजूद थे। कैंप में नेत्र रोग विशेषज्ञ व प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. प्रवीण अरोड़ा तथा डॉ. महिप बंसल ने अपनी टीम व सहयोगियों के साथ 223 नेत्र रोगियों की जांच की।

### कांग्रेस भवन में मनाई बाबा साहेब की जयंती

**सिरसा।** संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती स्थानीय कांग्रेस भवन में मनाई गई। जिला कांग्रेस के सचिव संगीत कुमार ने कहा कि बाबा साहेब ने जहां देश को संविधान देकर कानून का शासन प्रदान किया, वहीं समाज के वंचितों को शिक्षा ग्रहण करने का संदेश देकर उनको आगे बढने की प्रेरणा दी। संगीत कुमार ने कहा कि यह बाबा साहेब की प्रेरणा का परिणाम है कि आज वंचित तबकों के भी लोग भी पढ़ लिखकर शासन प्रशासन व समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

### पुलिस ने हेरोइन सहित युवक दबोचा

**कालांवाली।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव कालांवाली से एक युवक को 15.16 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सब इंस्पेक्टर कुलवीर सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गांव कालांवाली प्रजापति चौपाल के पास खड़े थे। वसूचना मिली कि गांव कालांवाली में एक युवक नशीला पदार्थ का काम करता है। आज भी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। बताए स्थान के पास एक युवक खड़ा दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी को देखकर पेड़ के पीछे छुपने लगा।

## मानसिक मजबूती के लिए शतरंज खेल आवश्यक : डॉ. गहलान

# प्रथम केपीसीए ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट मैं योगेश्वर बने चैंपियन

**हिसार के सीनियर खिलाड़ी ने अपना प्राइस अपने से नीचे क्रम पर रहने वाले खिलाड़ी को दिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार




**हिसार।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथिगण व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

सेक्टर 14 स्थित केपी चेस अकादमी में आयोजित की गई प्रथम केपीसीए ओपन रैपिड चेस्ट टूर्नामेंट 2025 में योगेश्वर चैंपियन बने हैं। प्रतियोगिता में अनेक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के आयोजक कुलदीप व जिला शतरंज संगठन के पदाधिकारी एडवोकेट नीरज वर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में ओपन वर्ग के साथ जूनियर वर्ग खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर योगेश रहे जबकि दूसरे स्थान पर अंश मल्होत्रा, तीसरे स्थान पर प्रमोद कुमार, चौथे स्थान पर साहिल भैरव व पांचवे स्थान पर विनायक वर्मा रहे।

इस अवसर पर प्रथम पुरस्कार विजेता को 4100 रुपये, दूसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को 3100 रुपये व तीसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को 2100 रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सांत्वना स्थान पर 11 से 5 स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को 1000 जबकि 6 नंबर से 15 नंबर तक पोजीशन हासिल करने वाले खिलाड़ियों को 500-500 का नगद इनाम दिया गया। प्रथम पांच स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी व 6 से 15 स्थान तक रहने वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में युवा लोक जनशक्ति पार्टी के वरिष्ठ नेता पुनीत इंदौरा, अग्रोहा मेडिकल कॉलेज से डॉक्टर दीपक गहलान, चंदन चावला, सीनियर खिलाड़ी प्रमोद कुमार फतेहबाद, रमन मेहता, एडवोकेट मुकेश कुमार ने मंच संचालन किया। प्रतियोगिता में छठे स्थान पर पुनीत इंदौरा, सातवें स्थान पर हिमांशु रहलान, इस प्रकार क्रम से 15वें स्थान तक ध्रुवंश, दीपांशु गर्ग, रजत, मीत, आयुष गर्ग, दीवान सिंह, देवांश गहलान, गीतांश मेहता, अचिंत्य को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में बेस्ट गर्ल का अवार्ड जीनत व बेस्ट आयु वर्ग 10 साल में गर्ल्स में जानवी, बेस्ट आयु वर्ग 13 साल में तावीश सिंह राठौड़, बेस्ट आयु वर्ग 16 साल में कार्तिक, जबकि प्रतियोगिता के बेस्ट यंगेस्ट का अवार्ड कार्तिकेय गिल को दिया गया।

# आधुनिक समाज में समानता समय की आवश्यकता : डॉ. युद्धवीर

- रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने डॉ. अंबेडकर जी पर भाषण, कविता व प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उनके संघर्षशील जीवन तथा देश के संविधान के निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

स्कूल चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर ने हमेशा सामाजिक व शैक्षणिक समानता के लिए कठोर संघर्ष किया। उनके आदर्श विचार हमें समाज में एकता स्थापित करने के लिए प्रेरित करते हैं।

स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना ने कहा कि सामाजिक उन्नति के लिए हमें डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के विचारों व कार्यों का अनुसरण करना होगा तभी हम उनका एक मजबूत राष्ट्र का सपना साकार कर पाएंगे। इस अवसर पर स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा (रिटायर्ड), वॉइस प्रिंसिपल सुमति शर्मा, सीनियर कोऑर्डिनेटर पूनम बिश्नोई व अन्य सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।

### पहले दिन एचडब्ल्यूसी ने खरीदा 5 हजार एमटी गेहूं

**फतेहाबाद।** एसडीएम राजेश कुमार के आश्वासन के बाद सोमवार को फतेहाबाद की मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो गई। पहले दिन हरियाणा वेयर हाउस ने गेहूं की खरीद की। इससे पूर्व अनाज मण्डी के हनुमान मंदिर में व्यापार मंडल व आढ़तियों की बैठक हुई। बैठक में एसडीएम राजेश कुमार, डीएफएससी विनीत जैन, मार्किट कमेटी सचिव यशपाल मेहता विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू ने डीएफएससी के खरीद न करने के नुकसान बताते हुए डीएफएससी से खरीद की मांग की। अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिलाया कि उन्होंने इस बारे ऊपर लिख रखा है और जल्द ही डीएफएससी मंडी में गेहूं की खरीद शुरू कर देगी। एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि सप्ताह में एक-दो दिन डीएफएससी खरीद करे, इसके लिए वह अपनी तरफ से पूरा प्रयास करेंगे। इसके बाद मंडी में एक नंबर गेट के सामने सभी अधिकारियों की मौजूदगी में वेयर हाऊस ने गेहूं की सरकारी खरीद शुरू की। पहले दिन एचडब्ल्यूसी ने करीब 5 हजार एमटी गेहूं की खरीद की है। पिछले कई दिनों से आढ़ती यह कहकर गेहूं खरीद-बेच से इंकार कर रहे थे कि हैफेड व वेयर हाऊस खरीद करने के बाद उठान करने में सक्षम नहीं है।

### रोहन का नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में चयन

**फतेहाबाद।** द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के बॉक्सर रोहन का अंडर-14 स्कूल नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में सिलेक्शन हुआ है। रोहन अब 22 से 27 अप्रैल को दिल्ली में होने वाली नेशनल चैम्पियनशिप में भाग लेगा। कोच प्रदीप सैनी ने बताया कि द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के खिलाड़ी आए दिन नई नई उपलब्धियों के साथ अपने माता पिता व फतेहाबाद क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। रोहन को कोच ओलंपियन अर्जुन अवॉर्डी, डीएसपी जय भगवान, राजीव गोदारा, प्रदीप सैनी व प्रवीण कुमार ने बधाई दी।

# सच्चा सुख, आनंद व आत्मिक शांति केवल सत्संग में ही निहितः स्वामी सत्यानन्द

- गोयंका सेवा सदन देवी भवन में संत समागम सत्संग में जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी




**हांसी।** स्वामी सत्यानन्द जी महाराज श्रद्धालुओं को प्रवचनों देते हुए। फोटो : हरिभूमि

सच्चा सुख, आनंद व आत्मिक शांति केवल सत्संग में होती है, इसलिए हमें सत्संग की घड़ी को नहीं छोड़ना चाहिए। जब भी मौका मिले, संतों के सानिध्य में जाकर सत्संग का आनंद लेना चाहिए।

यह बात महामंडलेश्वर श्री स्वामी विवेकानंद जी महाराज के कृपापात्र सोहं पीठाधीश्वर श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज ने अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा हिसार के तत्त्वावधान में गोयंका सेवा सदन देवी भवन के नए प्रांगण में प्रारंभ हुए सात दिवसीय संत सम्मेलन के छठे दिवस में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। संतों ने सत्संग में सच्चा सुख, आनंद व आत्मिक शांति प्राप्ति के बारे में बताया और कहा कि आज हम सच्चा सुख आनंद की प्राप्ति धन दौलत ऐशो आराम में ढूंढते हैं, जबकि आनंद व आत्मिक शांति केवल मात्र सत्संग में होती है। इसलिए हमें ऐसा अवसर कभी भी नहीं गंवाना चाहिए कि जिसमें हमें संतों का संघ करने का अवसर मिले। संत हमेशा दूसरों की भलाई के विषय में ही बताते हैं ताकि हम अपने जीवन में किसी का भला कर सके।

इस अवसर पर राकेश गर्ग, आरएस ढुल, जोगेंद्र गर्ग, शिवकुमार गोयल, बनारसी दास गुप्ता, इंद्र चंद राठी, मुरारी लाल जिंदल, राजेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, किरोड़ी मल, पुरुषोत्तम, रोशन लाल बड़ोपलिया व मनोज गर्ग इत्यादि वरिष्ठ नागरिकों ने संतों का सम्मान करके भगवान की आरती की व प्रसाद ग्रहण किया।

# सती धर्म और सात्विक जीवन मनुष्य की उन्नति के सुगम पथ हैंः महंत सागर नाथ

- सैनीपुरा गांव में किया जा रहा है आठ दिवसीय कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



**हांसी।** भागवत कथा के दौरान आचार्य मनोज मोहन गौड़ का स्वागत करते महंत सागर नाथ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

सैनीपुरा गांव में महंत सागर नाथ के सान्निध्य में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन किया गया। भागवत कथा में कथावाचक आचार्य मनोज मोहन गौड़ संगीतमय भागवत कथा का गुणगान का श्रद्धालुओं को धर्मलाभ दे रहे हैं।

कथा के तीसरे दिन की कथा में आचार्य गौड़ ने भक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान भक्त के धन के नहीं, भावना के भूखे होते है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और सती अनसुईया व शतरूपा की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिद्दी स्वभाव, झूठ बोलना, संतों की परिक्षा लेना या आलोचना करना, क्रोध करना और पर पुरूषगामी ये पांच घृणित कार्य पाप के समान है, जो एक सती या सामान्य स्त्री को नरक की ओर धकेल देते है। स्त्रियों को इनसे बचना चाहिए। महंत सागरनाथ ने कहा कि सती धर्म और सात्विक जीवन मनुष्य की उन्नति के सुगम पथ है। जितना एक पत्नी का धर्म है कि वह अपने पति धर्म का पालन करे, उतना ही धर्म पति का भी बनता है कि वह अपनी धर्मपत्नि की रक्षा करे। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य को अपनी पत्नी के रुप में सीता चाहिए तो उसको स्वयं भी राम बनना होगा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच राजकुमार, माता कांता देवी, उदय सिंह, मास्टर जगदीश चन्द्र, दलबीर सिंह, कुलदीप सैनी, राजेन्द्र सिंह, सुमित कुमार, सुनील कुमार, डॉ. राजबीर पूनिया, कश्मीरी लाल ग्रोवर, जिले सिंह धूपिया, मास्टर धर्मपाल सिंह, राकेश सागर, रामनिवास सैनी, पवन सूर्यवंशी व अन्य धार्मिक व सामाजिक संगठनों सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पीएम रैली में फतेहाबाद से 167 बसें गईं हिसार, ग्रामीण रूटों पर यात्रियों को परेशानी

**फतेहाबाद।** हिसार एयरपोर्ट के उद्घाटन को लेकर हिसार में आयोजित पीएम नरेन्द्र मोदी की रैली में फतेहाबाद जिले से हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और आमजन को ले जाने के लिए फतेहाबाद जिले से 165 बसें भेजी गई। इनमें 116 रोडवेज बसों के अलावा 49 बसें परिवहन समितियों की शामिल रही। इन बसों में सवार होकर सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं और बीजेपी कार्यकर्ता हिसार पहुंचे। बसों के हिसार जाने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सिरसा-हिसार जैसे मेन रूट पर भी देरी से बस मिल पाई। खासकर ग्रामीण रूटों पर लोग ज्यादा परेशान रहे। मंगलवार से परिवहन व्यवस्था बहाल होगी। जिले की 70 फीसदी से अधिक बसों के हिसार जाने से ग्रामीण रूटों के फेरे मिस रहे। बता दें कि पीएम की रैली में जाने को लेकर सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी महिलाओं के लिए 50 बसों की व्यवस्था की गई। इन बसों में पीने के पानी से लेकर पैकेट बंद भोजन का भी प्रबंध किया गया। 115 बसों में बीजेपी के कार्यकर्ताओं को भेजा गया। 43 बसें फतेहाबाद, 36 बसें टोहाना और 36 बसें रतिया विधानसभा क्षेत्र से गई।

# ठेकेदार की लापरवाही का दंश झेल रहे कॉलोनीवासी

- पार्षद व वार्डवासियों ने मुख्यमंत्री व बिजली मंत्री को भेजी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

न्यू हाऊसिंग बोर्ड व बाटा कॉलोनी के निवासी बिजली निगम के ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा भुगतने को मजबूर हैं। वार्ड नंबर 3 के पार्षद रमेश मेहता व वार्डवासियों ने बताया कि बिजली के नए पोल लगाने के नाम पर पिछले दो महीने से कॉलोनीवासियों को ठेकेदार ने परेशान कर रखा है। दिन में भरी दोपहर गर्मी में लाइट का कट लगा देता है और जगह-जगह मशीन से बर्मा चला कर पानी की पाइप लाइन तोड़ देता है। रविवार को फिर से ठेकेदार ने ट्रैक्टर से बर्मा चलाकर पानी की मेन सप्लाई की लाइन तोड़ दी, जिसके कारण न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और बाटा कॉलोनी के लोगों को पीने का पानी की सप्लाई नहीं मिल पाई। पाइपलाइन टूटने से गलियों में पानी भर गया, जिससे लोगों को आवागमन में खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। उन्होंने बताया कि ठेकेदार ने इससे पहले भी 8-10 बार ट्रैक्टर द्वारा गड्ढा खोदने की ड्रिल मशीन चला कर लोगों के लिए परेशानियां पैदा की है। उन्होंने बताया कि वार्डवासियों के मना करने के बाद भी अपनी मनमर्जी से बर्मा मशीन से पाइप लाइन को तोडक़र गर्मी के मौसम में लोगों को पेयजल सप्लाई से महरूम किया जा रहा है। पिछले महीने भी इस ठेकेदार की वजह से कॉलोनी वासियों को लगातार 1 महीने तक पीने के पानी की किल्लत झेलनी पड़ी थी। यही नहीं विद्युत पोल को अपनी मनपसंद जगह लगवाने के नाम पर ठेकेदार का सुपरवाइजर लोगों से 5 से 10 हजार रुपए नजराने की भी मांग कर रहा है। बहुत से लोगों ने नजराना दे भी दिया है। उन्होंने नजराना देने वाले लोगों से शपथ पत्र लेकर शिकायत मुख्यमंत्री व बिजली मंत्री को भेज दी है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली को साइड न देने पर फायरिंग

**ओढ़ा।** गांव घुकांवाली में ट्रैक्टर साइड में करने को लेकर हुए झगड़े में गोलियां चल गई। सूचना मिलते ही ओढां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और 3 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। घुकांवाली निवासी बेअंत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शनिवार रात को करीब 10 बजे पूर्ण सिंह के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं भरकर खेत से अपने घर आ रहा था। रास्ते में गोल चौक के पास नछतर सिंह अपना ट्रैक्टर लेकर खड़ा था। बेअंत सिंह ने जब नछतर सिंह को ट्रैक्टर साइड में करने के लिए कहा तो उसने तैश में आकर गाली गलौज करते हुए हाथापाई शुरू कर दी। फिर नछतर सिंह ने अपने बेटे जसप्रीत को फोन कर दिया। इसके बाद जसप्रीत व 2-3 अन्य युवक वहां पर आ गए। जसप्रीत ने आते ही चौक में पिस्तौल से फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना के बाद बेअंत व अन्य अपनी जान बचाकर घरों की ओर भाग गए। बेअंत सिंह ने बताया कि घटना के कुछ देर बाद जसप्रीत उर्फ जस्सा अपने साथियों के साथ उसके घर के सामने आ गया और अमनदीप व कुलवंत सिंह पर लोहे की रॉड और डंडो से हमला कर दिया। हमले में अमनदीप सिंह, कुलवंत सिंह, बेअंत सिंह व पूर्ण सिंह घायल हो गए।

# अंतरराज्यीय पशु चोर गिरफ्तार

- शामली जिले के उमर पुत्र फुरकान ने जिले में कई वारदातें करने की बात कबूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना



**भूना।** पुलिस गिरफ्त में पशु चोर गिरोह का सदस्य। फोटो : हरिभूमि

पुलिस ने पशु चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। उत्तर प्रदेश के शामली जिले के उमर पुत्र फुरकान को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। उमर अंतरराज्यीय पशु चोर गिरोह का सक्रिय सदस्य है। पूछताछ में उसने भूना क्षेत्र में कई वारदातें कबूली हैं। इनमें टिब्बी बस स्टैंड, सत्यनारायण की खेत ढाणी और सांचला गांव से झोटा चोरी की घटनाएं शामिल हैं। थाना प्रभारी सुरेंद्र ने बताया कि यह गिरोह हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से भैंसे और झोटे चुराता रहा है। रात के अंधेरे में खेतों और पशु बाड़ों से मवेशी चुराकर उन्हें उत्तर प्रदेश के बाजारों में बेच दिया जाता है। पुलिस को इस गिरोह की लंबे समय से तलाश थी। कई शिकायतों के बाद पुलिस ने इनकी गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू की थी। उमर की गिरफ्तारी से पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इससे गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचने का रास्ता साफ हुआ है। अदालत से आरोपी का 5 दिन का रिमांड लिया गया है। पुलिस उसे उत्तर प्रदेश ले जाएगी। वहां से चोरी किए गए भैंसे और झोटे बरामद किए जाएंगे। पुलिस को उम्मीद है कि रिमांड के दौरान और भी खुलासे होंगे।

#### मवेशियों की बरामद करने में जुटी पुलिस

पूछताछ में यह भी सामने आया है कि गिरोह के अन्य सदस्य उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सक्रिय हैं। पुलिस ने उन स्थानों की पहचान शुरू कर दी है, जहां चोरी के मवेशी छिपाए या बेचे गए हैं। उमर की निशानदेही पर पुलिस जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और मवेशियों की बरामदगी के लिए अभियान चलाएगी। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की है। उनका कहना है कि पिछले कुछ महीनों से पशु चोरी की घटनाएं बढ़ गई थीं। इससे पशुपालक परेशान थे। अब पुलिस की सक्रियता से उन्हें राहत की उम्मीद है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अपने पशुओं की सुरक्षा के लिए उचित उपाय करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें। पुलिस ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## खालसा पंथ की स्थापना दिवस पर पौधरोपण

# बिना भेदभाव हो रहा सभी वर्गों का विकास

- बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने भाई कन्हैया पार्क में पौधारोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** बैसाखी, खालसा पंथ के स्थापना दिवस पर पौधारोपण करते ट्रस्ट के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने बैसाखी व खालसा पंथ की स्थापना दिवस के मौके पर भाई कन्हैया पार्क में पौधारोपण किया। इस मौके पर ट्रस्ट सदस्यों ने पार्क में अनेक फूलदार, फलदार व छायादार पौधे लगाए, ताकि पार्क को हरा-भरा बनाया जा सके। इस मौके पर नरेंद्र रावत ने बताया कि 13 अप्रेल 1699 को श्रीगुरु गोबिंद सिंह ने आनंदपुर साहिब में पंज प्यारों को अमृतपान करवा कर खालसा पंथ की स्थापना की थी।

यह दिन सिख इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है, जो साहस, बलिदान और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि उस समय समाज में जातिवाद, अंधविश्वास और धार्मिक उत्पीडऩ चरम पर था।

ऐसे समय में गुरु गोविंद सिंह ने जाति-पाति से ऊपर उठकर एक ऐसे समाज की रचना की। जिसकी पहचान उसके साहस, समर्पण और समानता के सिद्धांतों पर आधारित थी। उन्होंने बताया कि गुरुजी ने पांच अलग-अलग जातियों और स्थानों के पांच लोगों को अमृतपान कराकर पंच प्यारे बनाया और खालसा पंथ की नींव रखी। उन्होंने सिखों को पांच कक्के केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा धारण करने का आदेश दिया। साथ ही पुरुषों को सिंह और महिलाओं को कौर उपनाम धारण करने का निर्देश दिया।

इस मौके पर रणजीत सिंह टक्कर, डॉ. सुमित सैनी, डॉ. सतबीर कंबोज, प्रवीन, सुरेंद्र, सुखविंद्र शर्मा, पतराम सहित ट्रस्ट सदस्य मौजूद थे।

### बकरी चुराने के दो आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** सदर थाना डबवाली व सिंहपुरा चौकी पुलिस की संयुक्त टीम ने भाखड़ा नहर से बकरियों के झुंड से दो बकरियां चोरी करने के दो आरोपियों को काबू किया है। सदर थाना डबवाली प्रभारी ब्रहम प्रकाश ने बताया कि राजेंद्र कुमार निवासी खुईया मलकाना ने शिकायत दी कि उसका पिता भाखड़ा नहर के किनारे पर अपनी बकरियों को चरा रहा था। उसी दौरान एक कार आई और उसमे से तीन/चार व्यकित निकले और बकरियों के झुंड में से दो बकरियां चुराकर भाग जाने पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपियों को ने पजांब में मेले से चोरीशुदा बकरियों सहित काबू किया गया। हैसदर थाना व सिंहपुरा चौकी प्रभारी की टीम द्वारा आरोपियों को तलवंडी साबो। आरोपियों की पहचान शिवाजी पुत्र जगसीर व रवि पुत्र निर्मल सिंह निवासी गिद्दड़बाहा पंजाब के रुप में हुई है। आरोपी शिवाजी व जगसीर को पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की जाएगी व वारदात में प्रयोगशुदा कार को बरामद किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### राजस्थान का युवक डोडा पोस्त सहित काबू

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने राजस्थान के एक युवक को कचरा डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान संजय कुमार पुत्र बलदेव राज निवासी ललावड़ी जिला अलवर, राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपी के पास से 5 किलो 34 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना शहर फतेहाबाद में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### विकलांग अधिकार मंच के सम्मेलन में मंथन

**रतिया।** विकलांग अधिकार मंच रतिया का तीसरा ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन बाबा नामदेव धर्मशाला में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता रतिया ब्लॉक सचिव पपल कुमार व मंच के सलाहकार राम गोपाल बलाना ने की। सम्मेलन का उद्घाटन राज्य कमेटी के महासचिव ऋषिकेश राजली ने किया। मंच संचालन ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला सहसचिव कर्मजीत सिंह पदम ने किया। मंच के राज्यध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार ने ब्लॉक रतिया के विभिन्न गांवों से सम्मेलन में पहुंचे विकलांगों का स्वागत किया।

### अनुभवात्मक शिक्षा पर संगोष्ठी का आयोजन

**फतेहाबाद।** गांव खाराखेड़ी स्थित रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में सीबीएसई के तत्वाधान में शिक्षकों के लिए अनुभवात्मक शिक्षा विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में सीबीएसई की ओर से मुख्य प्रशिक्षक के तौर पर एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी से डॉ. संदीप और जेएनवी संगरूर से चेतन मोहन ने भाग लिया।

### कार की टक्कर से महिला व बच्चा घायल

**फतेहाबाद।** गांव नाढोडी में घर के बाहर काम कर रही महिला व उसके बेटे को कार ने टक्कर दे मारी। हादसे में घायल मां-बेटा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में भूना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में नया गांव निवासी महिला सविता ने कहा है कि गत दिवस वह अपने गांव नाढोडी आई हुई थी। इसी दौरान कार चालक ने उसे व उसके बेटे को टक्कर मार दी।

### टोहाना से बाइक चोरी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने टोहाना शहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में प्रेम नगर, गांव सिम्बलवाला निवासी मोनू ने कहा है कि गत दिवस वह अपने स्पलैंडर मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से टोहाना आया था। उसने अपने बाइक मोटरसाइकिल को चडीगढ़ रोड पर रेलवे फाटक के पास खड़ा किया और सामान लेने बाजार चला गया।

### युवक लापता, तलाश में जुटी पुलिस

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना क्षेत्र से एक युवक के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव लोहाखेड़ा निवासी रमेश सिंह ने कहा है कि उसका 24 साल का लडक़ा मलकीत सिंह उर्फ कुका गत दिवस सुबह करीब 11 बजे घर पर बिना बताए कहीं चला गया है और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा है।

### अशोक नगर में मकान से सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने अशोक नगर में एक मकान से हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अशोक नगर फतेहाबाद निवासी निशांत नारंग ने कहा है कि वह मुम्बई में जॉब करता है। अब जब वह वापस घर आया तो उसने देखा कि मकान में कमरों के दरवाजे टूटे हुए थे।

## सांसद कुमारी सैलजा ने लघु सचिवालय में स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# बाबा साहेब के दिखाए गए मार्ग का करें अनुसरण : सैलजा

### बाबा साहेब ने समाज सुधारक के रूप में कार्य करके दिशा दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव व सांसद कुमारी सैलजा ने डॉ. आंबेडकर जयंती पर हिसार के लघु सचिवालय में स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहेब द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करने का भी आह्वान किया। कुमारी सैलजा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर ने विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ व समाज सुधारक के रूप में कार्य करके समाज को दिशा दिखाई। उन्होंने शोषित, वंचित व पिछड़े वर्ग को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह, पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल व रविदास सभा के प्रधान एसपी चालिया ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया।



हिसार। लघु सचिवालय में बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत कार्यकर्ताओं से बातचीत करती सांसद कुमारी सैलजा। फोटो : हरिभूमि



बरवाला। डॉ. अंबेडकर के चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए।



हिसार। बाबा साहेब की जयंती मनाते संस्थान के शिक्षक व विद्यार्थी।

## कांग्रेस भवन में मनाई गई अंबेडकर की 134 वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष में जिला कांग्रेस भवन में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उकलाना हलके से विधायक नरेश सेलवाल ने की जबकि आदमपुर के विधायक चन्द्रप्रकाश व हांसी के पूर्व विधायक अत्तर सिंह सैनी इसमें मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेश सेलवाल, चन्द्रप्रकाश व अत्तर सिंह सैनी ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन व कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कांग्रेस नेता ईश्वर मोर, धर्मवीर गोयत, दिलबाग सिंह हुड्डा, सुखबीर डूडी, सुभाष वर्मा, कांग्रेस पार्षद सत्यवान पान्नू, मेयर प्रत्याशी रहे कृष्ण सिंह सिंगला उर्फ़ टीटू, पूर्व चेयरमैन हनुमान ऐरन, अनुपाल भुक्कल आदि रहे।



हिसार। कांग्रेस भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी।

### अम्बेडकर जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

**बरवाला।** संविधान निर्माता एवं महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद, गायत्री शाखा बरवाला द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला, शिवपुरी-1 में एक विचारोत्तेजक कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाविप गायत्री शाखा बरवाला अध्यक्ष पवन शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम की व्यवस्था प्रकल्प प्रमुख मास्टर सतीश वर्मा एवं रिंकू गर्ग द्वारा की गई और कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्याध्यापक राजकीय प्राथमिक पाठशाला कल्लर भैणी कांशी राम ने की। इस दौरान बाबा साहेब के चित्रों में रंग भरों प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बाबा साहेब की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन आर्य नगर में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती व बैसाखी पर्व बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर एक प्रसिद्ध न्यायविद, अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने उनके कार्यों को याद करते हुए बताया कि उन्होंने बहिष्कृत हितकारिणी सभा की स्थापना करते हुए दलितों और महिलाओं को शिक्षा और सामाजिक अधिकार दिलाए। इसी के साथ-साथ सिटी कॉलेज के विद्यार्थियों ने फसल कटाई के पर्व बैसाखी को पारंपरिक नृत्य और संगीत के साथ मनाते हुए समुदाय में एकता और सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक-गणों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# 'बड़ों का आदर, छोटों को सत्कार,ऐसा है मेरे हरियाणा का आधार' कार्यक्रम का आयोजन

■ महिला काव्य मंच की बैसाखी पर काव्य गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महिला काव्य मंच की हिसार इकाई द्वारा बैसाखी पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी में महिला काव्य मंच की राष्ट्रीय महासचिव सीमा शर्मा, कवि पुरुषोत्तम प्रसाद शर्मा, कवि डॉ. माहिया समीर और ग़ज़लकार नीरज कुमार मनचंदा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता एवं संचालन मंच की अध्यक्ष पूनम मनचंदा ने किया। मां शारदे को नमन एवं पुष्पांजलि देने के पश्चात गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। युवा कवयित्री रिया नागपाल ने अपनी खूबसूरत रचना 'बड़ों का आदर, छोटों को सत्कार,ऐसा है मेरे हरियाणा का आधार' के माध्यम से हरियाणा और हिसार दर्शन शब्दों के माध्यम से करवा दिया। कवयित्री डॉ. सुनीता जनावा ने अपनी रचना 'ओज भरे अंजुम, आकाश भर जगमगाते हैं ' सुनाकर सभी की प्रशंसा पाई। कवयित्री ख़ुशबू जैन ने अपनी रचना 'सरल होना कठिन है कठिन होना आसान,संघर्षों से ही मानव की बने अलग पहचान' सुनाकर सबकी वाहवाही पाई।



हिसार : काव्य गोष्ठी में हिस्सा लेते कवि।

# आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में कॉम्पीटेंसी बेस्ड एसेसमेंट पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इसमें सीबीएसई ट्रेनर डॉ अनुराधा छाबड़ा एवं राजीव कुमार ने सीबीएसई द्वारा बनाए गए सभी प्रारूपों पर विस्तार से चर्चा हुई। आए हुए दोनों ट्रेनर्स ने सीबीएसई के विजन को प्रसार एवं विस्तार करने में अहम भूमिका निभाई। इस प्रोग्राम में एनईपी के प्रत्येक पहलू को बारीकी से स्मार्ट एक्टिविटी व फिजिकली रूप में समझाया। ट्रैनिंग प्रोग्राम में आए हुए सभी शिक्षकों से सुझाव लिए की छात्रों के लिए किस-किस प्रकार के प्रश्न पत्र होने चाहिए। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल, मुंशीराम मेवा देवी इंटरनेशनल स्कूल, न्यू काशी पब्लिक स्कूल, सर्वोदया पब्लिक स्कूल और इंडियन पब्लिक स्कूल के अध्यापकों ने भाग लिया। इस अवसर पर आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के प्रिंसिपल नितीश मिश्रा, वाइस प्रिंसिपल गीता यादव, प्राइमरी हेड प्रोमिला यादव, एमएम इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल सीमा बब्बर और प्रवेश यादव मौजूद रहे। अंत में आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के प्रधानाचार्य नितीश मिश्रा ने दोनों ट्रेनर्स का आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।




हांसी। दो दिवसीय ट्रैनिंग प्रोग्राम में भाग लेते विभिन्न स्कूलों के अध्यापक व अध्यापिकाएं। फोटो : हरिभूमि

## मोदी ने अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के उद्घाटन के नाम पर जनता को बरगलाने का काम : राजेन्द्र सोरखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा अंतरराष्ट्रीय हिसार एयरपोर्ट के उद्घाटन के नाम पर प्रदेश की करोड़ों जनता को बरगलाया गया है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट का नाम तो अंतरराष्ट्रीय रखा गया है किंतु पहली फ्लाइट अयोध्या के लिए भेजी। इससे साबित होता है कि अगर ये एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय होता तो यहां से दूसरे देशों के लिए फ्लाइट भेजी जाती। लेकिन अभी तो केवल दिल्ली, चंडीगढ़ या जयपुर जाने की ही बातें की जा रही हैं।

राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि 80 प्रतिशत जनता के पास आज पीने का पानी उपलब्ध है, जो कि सरासर झूठ है। देश में आज भी अनेक राज्य व जिले ऐसे हैं जहां लोग पानी की एक एक बूंद को तरसते हैं। गर्मियों में ये संकट और भी गंभीर हो जाता है। उन्होंने कहा कि अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि अब हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई जहाज में घूम सकेगा। राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि सरकार की अपनी कोई एयरलाइंस नहीं है। जो थी वो इन्होंने बेच दी।



राजेन्द्र सोरखी

## मदर्स प्राइड कान्वेंट स्कूल में मनाई बैसाखी

■ !च्चों ने पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी आदमपुर

शिव कॉलोनी स्थित मदर्स प्राइड कान्वेंट स्कूल में बैसाखी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया था। बच्चों ने पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल द्वारा बैसाखी पर्व की महत्ता को समझाने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें नृत्य, गीत, पोस्टर प्रतियोगिता और पारंपरिक खेल शामिल थे। बच्चों ने पंजाबी लोकगीतों पर भंगड़ा और गिद्दा प्रस्तुत कर मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को खेतों में भ्रमण के लिए भी ले जाया गया जहां उन्होंने गेहूं की फसल को करीब से देखा और किसानों के कार्यों को समझा। स्कूल निदेशिका मनीषा जांगड़ा ने बच्चों को बैसाखी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे त्योहार हमारी संस्कृति से जुडऩे का माध्यम होते हैं तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।



**मंडी आदमपुर** : खेत में बैसाखी पर्व मनाते मदर्स प्राइड स्कूल के विद्यार्थी।

## न जाने अभी और कितनी बार इस हवाई अड्डे का उद्घाटन होना बाकी है : सैलजा

■ कांग्रेस नेता तेलु राम जांगड़ा की बेटी के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा ने रविवार देर शाम कांग्रेस नेता तेलु राम जांगड़ा के घर पहुंच उनकी बेटी के निधन पर शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इसके उपरांत कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद कुमारी सैलजा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोमवार को हिसार आगमन का स्वागत करते हुए कहा कि देश का प्रधानमंत्री जब भी कहीं जाता है तो यह बहुत बड़ी बात होती है और प्रधानमंत्री की हरियाणा यात्रा को वह भी उम्मीद लगाए हुए हैं कि प्रधानमंत्री हिसार ही नहीं अपितु पूरे हरियाणा को कोई बड़ा तोहफा देकर जाएंगे। उन्होंने हिसार एयरपोर्ट के उद्घाटन पर चुटकी लेते हुए कहा कि न जाने अभी और कितनी बार इस हवाई अड्डे का उद्घाटन होना बाकी है। भाजपा सरकार के 6 महीने बीत जाने पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि जिन मुद्दों को लेकर भाजपा सत्ता में आई थी। वह मुद्दे आज भी ज्यों के त्यों बने हुए है। प्रदेश में कांग्रेस के संगठन के बारे में पुछे जाने पर सांसद ने कहा कि इस बार हमारा प्रस्ताव पास हो चुका है और इस वर्ष में जिला लेवल से लेकर बूथ स्तर तक संगठन का गठन कर दिया जाएगा।

## भारत संस्कारों की भूमि, यहां के कण-कण में बसमें हैं भगवान शंकर

# भगवान की कथा सुनना ही काफी नहीं है, मनन करना भी जरूरी : साध्वी

■ भारत के अलावा दुनिया का कोई देश ऐसा नहीं है, जहां संस्कारों की बात होती हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत भूमि का यह सौभाग्य है कि हमारा देश तीर्थों की भूमि है। यहां का कण-कण शंकर है और पत्ता पत्ता भाव का स्वरूप है। इसीलिए ऋषि मुनियों ने भारत को सोने की चिड़िया कहा है और हमें अपने ऐसे देश पर गर्व होना चाहिए।

यह बात महामंडलेश्वर साध्वी करूणागिरी महाराज ने श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट की ओर से संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग के सानिध्य में चल रही श्री शिवपुराण कथा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। सोमवार की कथा में उन्होंने अनेक प्रसंग सुनाए और कहा कि केवल भगवान की कथा सुनना ही काफी नहीं है, कथा का मनन भी जरूरी है। कथा में जो बताया जाता है, उसका पालन करो, तभी भगवान प्रसन्न होंगे। उन्होंने कहा कि भारत भूमि संस्कारों की जननी है, यही देश है जहां संस्कारों की बात होती है और उन पर चला जाता है। भारत के अलावा दुनिया का कोई देश ऐसा नहीं है, जहां संस्कारों की बात होती हो। यही वजह है कि हमारे देश में 12 ज्योतिर्लिंग, 522 शक्तिपीठ एवं चार धाम है। तीर्थों पर घूमते-घूमते सनातन धर्म को मानने वालों का जीवन कम पड़ सकता है लेकिन भारत के तीर्थ कम नहीं पड़ेंगे।

### बच्चों को अच्छे संस्कार दें और बच्चे बड़ों की आज्ञा मानकर आगे





शिवपुराण कथा करते साध्वी करूणागिरी महाराज व कथा में उपस्थित श्रद्धालु।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सचिव सुरेन्द्र सिंगल, जगत, ओमप्रकाश असीजा, सुनील, मुनीश, रमेश पटवारी, अंगूरी देवी एचएम, रामअवतार सिंगल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व श्रद्धालुजन मौजूद रहे। मंच का संचालन ओमप्रकाश असीजा ने किया।

### मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन के महत्व के बारे बताया

*साध्वी करूणागिरी महाराज ने कथा के दौरान मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग की स्थापना व उसके दर्शन के महत्व बारे बताया। इसी तरह उन्होंने बताया कि उज्जैन में भगवान मंगलनाथ के दर्शन करने से मंगल दोष से मुक्ति मिलती है। मंगलदेव भगवान शिव के मानस पुत्र कहे जाते हैं। वे भूमि से उत्पन्न हुए तो उनका एक नाम भौम भी है। उन्होंने कहा कि कथा में माता, पिता अभिभावक व बच्चे सभी आए हुए हैं। माता, पिता व अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें और बच्चे अपने बड़ों की आज्ञा का पालन करते हुए उनके अनुभव से सीखकर आगे बढ़ें। परस्पर तालमेल ही जीवन में उन्नति का आधार है।*